Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**Meeting of Committee of Management**

**तिथि: 24.12.2023**
**स्थान: 45/C, पाटलिपुत्र कॉलोनी, बीसीए कार्यालय, पटना**
**उपस्थिति: पंजी के अनुसार**
**समय: 11.30 बजे से**

आज दिनांक 24.12.2023 के बिहार क्रिकेट एसोसिएशनके प्रबंधन समिती की बैठक हेतु आवश्यक कोरम को आश्वस्त करने के बाद श्री राकेश कुमार तिवारी, अध्यक्ष, बिहार क्रिकेट संघ ने बैठक में अध्यक्ष का आसन ग्रहण किया और सभा की करवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया। सभा के अध्यक्ष ने इस बैठक में पहली बार भाग ले रहे ज़िआउअल आरफिन (सचिव), सुश्री पुष्पलता IAAS (एजी नॉमिनी ) तथा पवन कुमार (ICA पुरुष खिलाडी प्रतिनिधि) का स्वागत किया और उपस्थित सदस्यों ने भी उनके सहयोग एवं कार्य अनुभव के लिए शुभकामनायें दी।

**एजेंडा संख्या- 1 : To Discuss and Decide the proceeding of the last meeting**
**निर्णय:**
आसन की अनुमति से जी एम प्रशासन ने गत बैठक की कार्यवाही को पढ़ कर सुनाया। उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से गत बैठक के निर्णयों को संपुष्टकिया।
वार्षिक आम सभा दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को वर्ष 2022-23 के अंकेक्षित लेखा को प्रस्तुत किया गया था, जिसे आत्मसात करने के बाद पारित किया गया। BCCI ने अक्तूबर महीने में एक लेजर भेजा, तद्स्वरूप बीसीए के वार्षिक लेखा को पुनरीक्षित करवाना आवश्यक था। चूँकि, यह देरी BCCI की तरफ से की गयी और राज्य संघों का BCCI द्वारा लेजर देरी से भेजने का मुद्दा विभिन्न राज्य संघों ने गोवा में आयोजित BCCI की बैठक में भी उठाया था। अतः, आयकर विभाग के विहित नियमावली के तहत बीसीए के वार्षिक लेखा 2022-23 को पुनरीक्षित कर दिनांक 31.10.2023 को पुनः लेखांकित तथा अंकेक्षित किया गया।
सर्वसम्मति से पुनरीक्षित-लेखांकित-अंकेक्षित वार्षिक लेखा-जोखा 2022-23 को आत्मसात करते हुए पारित किया जाता है।

**एजेंडा संख्या- 2 : To Discuss and Decide about the Expenditure incurred and pending payment**
**निर्णय:**
आसन की अनुमति से कोषाध्यक्ष महोदय ने अभी तक के हुए खर्चे का विवरण तथा सम्पादित कार्यों के विरुद्ध लंबित भुगतान का ब्योरा प्रस्तुत किया। विचारोपरांत उपस्थित सदस्यों ने अभी तक किये गए भुगतान को उचित पाते हुए स्वीकृत करने तथा लंबित भुगतानों के लिए अग्रतर करवाई तथा कोष की उपलब्धता के अनुसार भुगतान हेतु सर्वसम्मति से सहमती प्रदान की।
कोषाध्यक्ष महोदय ने आसन की अनुमति से प्रबंधन समिति का ध्यान राज्य टीमों के सत्र 2023-24 के लिए सपोर्ट स्टाफ के कॉन्ट्रैक्ट एवं उनके लिए भुगतान की रकम के निर्धारण हेतु आकृष्ट किया। कोषाध्यक्ष महोदय ने BCCI से प्राप्त होने वाले वार्षिक अनुदान/निधि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी तथा साथ ही पूर्व/सत्रों में किये गए भुगतान की रकम तथा इस सत्र का प्रस्तावित तुलनात्मक रिपोर्ट भी सदस्यों के समक्ष रखा।
गहन विचार के उपरान्त सदस्यों ने कोषाध्यक्ष के द्वारा **"अनुलग्नक-1"** में प्रस्तावित भुगतान की रकम में 20% की बढ़ोत्तरी के साथ सर्वसम्मति से स्वीकृत किया तथा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि अगर, विभिन्न केटेगरी/आयु वर्ग में अलग-अलग सपोर्ट स्टाफ का भुगतान हुआ/होता है, तो सम्बंधित सपोर्ट स्टाफ को होने वाला इस सम्बन्ध में भुगतान पूर्व के सत्रों में लिए गए निर्णय के आधार पर "अनुलग्नक-1" के दर के प्रो-राटा (PRO

Rakesh Kumar Tiwary

RATA) पर किया जायेगा। **अनुलग्नक-1** में सेलेक्टर्स के प्रस्तावित भुगतान को यथावत स्वीकृत किया गया जिसमे कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी।

इसी सन्दर्भ में सचिव महोदय ने सीनियर मेंस टीम के ट्रेनर- गोपाल कुमार तथा सीनियर विमेंस टीम की कोच/मेंटर- सुश्री शुभलक्ष्मी के मानदेय का मामला सदस्यों के समक्ष उठाया, जिसमे उन्होंने अपने संविदा भुगतान की राशि एवं अहर्ता के सम्बन्ध में विचार करने का अनुरोध किया है।

उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सचिव एवं कोषाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकृत व्यक्ति को इस मामले में सम्बंधित से वार्ता कर भुगतान की राशि तय करने हेतु अधिकृत करने का निर्णय लिया

सर्वसम्मति से अंतर जिला प्रतियोगिता के आयोजक जिला संघ/वेंडर को प्रति मैच डे 27000/- एवं भाग लेने वाले जिला संघों को प्रति टूर्नामेंट यात्रा के मद्द में 10000/- के भुगतान की स्वीकृति दी गई।

मैच बॉल सीधे बीसीए द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति अंपायर/प्रति मैच – 2000/- तथा लोकल अंपायर- 1200/- प्रति मैच एवं प्रति स्कोरर/प्रति मैच-1100/- की राशि को भी स्वीकृत करने का भी निर्णय लिया, जिसका भुगतान सीधे संबन्धित के बैंक एकाउंट में किया जाएगा। इसके अलावा आयोजन स्थल के ग्राउंड-पिच हेतु प्रति टूर्नामेंट 10000/- की राशि का भी भुगतान स्वीकृत किया गया।

**एजेंडा संख्या-3:To Discuss and Decide the ongoing BCCI Matches participated by the Bihar Cricket Association.**

**निर्णय:**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के विभिन्न वर्गों की पुरुष– महिला टीमों के BCCI टूर्नामेंट/ मैच में भाग लेने इस सन्दर्भमें किये जा रहे व्यय तथाटीमो के प्रदर्शन पर गहन चर्चा कीगई।

BCCI टूर्नामेंट/मैच में भाग ले रहे BCA की टीमों के ड्रेस-कीट, उपस्कर, यात्रा, आवासन, भोजन तथा आयोजन पर हो रहे वास्तविक खर्चों तथा BCCI द्वारा इस मद में अनुमान्य सब्सिडी के बीच के अंतर पर चर्चा की गई। तथा इस सन्दर्भ में किये गए व्यय तथा संभावित व्यय के ब्योरे पर संतोष प्रकट किया गया तथा गुणवत्ता को कायम रखते हुए भविष्य में भी कटौती के साथ ही व्यय करने की सहमती प्रदान की गई।

इस सत्र में अभी तक संपन्न बोर्ड मैच में बिहार टीम के प्रदर्शन पर चिंता प्रकट की गई तथा उपस्थित सदस्यों ने उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह एवं सुनील सिंह जीएम सञ्चालन को इस सन्दर्भ में समीक्षा करने हेतु अधिकृत किया गया तथा समीक्षा के उपरांत त्वरित करवाई हेतु अपना मंतव्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

**एजेंडा संख्या -4: To Discuss and Decide the Road map of the BCA's Domestic matches, i.e. Inter District Matches**

**निर्णय:**

आसन की अनुमति से जीएम क्रिकेट ऑपरेशन ने BCA के डोमेस्टिक/ अंतर-जिला प्रतियोगिता, बोर्ड मैच के समापन के बाद आरंभ करने का प्रस्ताव रखा जिसपर गहन चर्चा के बाद उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से जीएम क्रिकेट ऑपरेशन को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अन्दर इस सत्र के घरेलु कैलेंडर को उपस्थित करने तथा अंडर 16 & 19 आयु वर्ग की अंतर-जिला प्रतियोगिता अबिलम्ब शुरू करने हेतु कार्य योजना एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**एजेंडा संख्या- 5:To Discuss for necessary action/s regarding the Orders passed by the Hon'ble Ombudsman/ Ethics Officer**

**निर्णय:**

आसन के आदेश पर माननीय लोकपाल / नैतिक अधिकारी के आदेश अनुपालन के संबध में विस्तृत चर्चा की गई तथा इस सन्दर्भ में अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी को BCA के लीगल समिति एवं विधि परामर्श कर आदेश –निर्देश अनुपालन हेतु अधिकृत किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary

**एजेंडा संख्या -6 :To Discuss and Decide the status of GST, TDS and other mandatory compliance.**

**निर्णय:**

आसन की अनुमति से कोषाध्यक्ष तथा लेखा प्रभारी द्वारा प्रस्तुत अद्धतन GST व TDS की जानकारी एवं अनुपालन पर संतोष प्रकट किया गया।

**एजेंडा संख्या -7: To Discuss and Decide the legal matters**

**निर्णय:**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन तथा इसके पदाधिकारी –अधिकारी के विरुद्ध विभिन्न वादों के समीक्षा के दौरान कुछ वादों में शिथिल प्रगति पर चिंता प्रकट की गई तथा सर्व सम्मति से सदस्यों ने मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी तथा उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह को अपने स्तर से केस वाइज समीक्षा करने तथा इसमें हो रही शिथिलता के विरुद्ध आवश्यक करवाई करने हेतु अधिकृत किया गया।

**एजेंडा संख्या- 8: To Discuss and Decide regarding the Appraisal and Work performance of the Staff Members of the Bihar Cricket Association.**

**निर्णय:**

इस सन्दर्भ में श्री ओम प्रकश जैसवाल (जिला संघों के प्रतिनिधि) ने चर्चा के दौरान उपस्थित सदस्यों को याद दिलाया कि पूर्व के बैठक में भी इस मामले पर चर्चा हुयी थी और अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को समीक्षा करने एवं इस सन्दर्भ में निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया था। इसी चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने आसन सहित अन्य सदस्यों को बताया कि कुछ स्टाफ/ वेतनभोगी कर्मी अपने कार्य के प्रति शिथिल एवं जिम्मेवारियों से विमुख रहते हैं, कार्यालय में भी उनकी उपस्थिति ससमय नहीं रहती है, जिससे बिना काम के ही उन्हें वेतन का भुगतान करना उचित नहीं है। कोषाध्यक्ष के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से सदस्यों ने अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को BCA के स्टाफ मेम्बर के कार्यों की समीक्षा/ परफॉरमेंस ऑडिट प्राप्त करने तथा ऐसे चिन्हित कर्मियों के विरुद्ध अग्रतर करवाई करने हेतु अधिकृत किया।

**एजेंडा संख्या-9: Any other matter with the permission of the chair**

**निर्णय:**

**a)** सचिव महोदय ने आसन को सूचित किया कि BCL गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन अपनी कुछ बातों से अवगत करना चाहते हैं, आसन ने उन्हें बैठक में आमंत्रित करने की सहमती दी।

BCL गवर्निंग काउंसिल चेयरमैन श्री संजय कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुए बिहार क्रिकेट लीग (राज्य प्रीमियर लीग) की तैयारी हेतु सुझाव माँगा, जिस सम्बन्ध में कोषाध्यक्ष ने ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि BCL एवं BCA के लेखा का अलग-अलग तथा पारदर्शी व सुगम सञ्चालन हेतु BCL को पृथक GST नंबर/पंजीकरण करा लेना चाहिए। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमती देते हुए BCL के चेयरमैन को सुझाव दिया कि कार्यहित में वह गवर्निंग काउंसिल के द्वारा निर्णय कर COO तथा अन्य कर्मियों का पदस्थापन कर लें।

**b)** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के आगामी चुनाव प्रक्रिया को संपादित करने हेतु निर्वाची पदाधिकारी की नियुक्ति पर चर्चा की गई, जो BCA के रूल्स एंड रेगुलेशन की धारा 37 में वर्णित है।

सभा में उपस्थित सदस्यों ने निर्वाची पदाधिकारी डा. एम मुद्दास्सिर (रिटायर्ड आई ए एस) के कार्यों की प्रशंसा की तथा बीसीए की तरफ से उन्हे धन्यवाद ज्ञपित किया। सदस्यों ने सर्व सम्मति से डा. एम मुद्दास्सिर (रिटायर्ड आई ए एस) को बीसीए के आगामी चुनाव हेतु पूर्व के मानदेय पर निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया/

**c)** आसन की अनुमति से esports app के प्रस्ताव के विचारोपरांत सदस्यों ने सर्व सम्मति से सी ई ओ को इस संदर्भ में वार्ता करने तथा कार्य संपादित करने हेतु अधिकृत करने का निर्णय लिया।

Rakesh Kumar Tiwary

BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**d)** आसन की अनुमति से सचिव महोदय ने 'बिग स्पोर्ट्स' की तरफ से अंतर-जिला टूर्नामेंट की तर्ज पर आयोजन स्पोंसर करने के प्रस्ताव को विचारार्थ रखा।
उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सचिव महोदय को अधिकृत किया कि प्रस्ताव के सम्बन्ध में सम्बंधित व्यक्तियों से मीटिंग कर एक विस्तृत प्रस्ताव लिया जाये जिसमे द्विपक्षीय स्तर पर बिन्दुवार चर्चा हो और कुल कितने आयोजन स्थल, कुल खर्च होने वाले रकम के साथ टूर्नामेंट के प्रारूप का भी जिक्र हो। सचिव महोदय प्राथमिक स्तर पर विवरण प्राप्त कर इसे विचारार्थ अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

**e)** सचिव महोदय ने कुछ जिला संघों के कार्यकाल समाप्त होने तथा क्रिकेट गतिविधियों के सुगम सञ्चालन हेतु निर्देश प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा।
आसन ने इस सम्बन्ध में पूर्व के निर्णय के आलोक में अविलम्ब समस्तीपुर के तदर्थ समिति हेतु करवाई करने का निर्देश दिया जिसे सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमती दी। अन्य जिला संघों के कार्यकाल एवं अन्य मामलों के सम्बन्ध में विधिक समिति के परामर्श से निर्णय लेने हेतु अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

**f)** सचिव जियाउल अरफिन ने पटना जिला क्रिकेट एसोसिएशन, बांका जिला क्रिकेट एसोसिएशन तथा कुछ अन्य जिला क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बंधित प्राप्त शिकायत पत्रों से सदस्यों को अवगत कराया।
उन्होंने बताया कि पटना जिला क्रिकेट एसोसिएशन के हाल में हुए चुनाव को लेकर कुछ शिकायत पत्र प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक द्वारा तथा अन्य शिकायत कर्ताओं ने भी दिया है। बांका जिला क्रिकेट एसोसिएशन सहित कुछ अन्य जिला संघों में सञ्चालन, क्लब के रजिस्ट्रेशन के आवेदन को मनमानी तरीके से अस्वीकृत करने,राज्य प्रतियोगिता/ट्रायल हेतु प्लेयर की अनुशंसा में पक्षपात करने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त हुए हैं।
सर्वसम्मति से सदस्यों ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए उचित कारवाई हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया। अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने सचिव महोदय को निर्देश दिया कि पटना जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव प्रक्रिया के पर्यवेक्षण रिपोर्ट सहित सभी मामलों को आतंरिक समिति गठित कर एवं विधिक राय लेकर अग्रतर करवाई करें।अन्य जिला संघों के सञ्चालन सम्बन्धी शिकायत हेतु भी बीसीए की आतंरिक जांच समिति गठित कर उनसे रिपोर्ट प्राप्त कर अग्रतर करवाई हेतु समर्पित करने का निर्देश दिया।

**g)** सीनियर महिला वर्ग में खेल के स्तर पर विमर्श के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर, दुसरे राज्यों की महिला खिलाडी बिहार की तरफ से खेलने हेतु आवेदन देती हैं तो उनके आवेदन पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सम्बंधित कर्मी विचार कर उन्हें बिहार की तरफ से खेलने/प्रतिनिधित्व करने की प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाये।

Rakesh Kumar Tiwary

राकेश कुमार तिवारी
*अध्यक्ष*
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन,
बिहार, पटना